3 (Sem–4/CBCS) HIN CC

2 0 2 2

HINDI

(Modern Indian Language)

Paper : HIN–CC–4016

(हिन्दी कथा साहित्य)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रेमचंद द्वारा हिन्दी में रचित प्रथम उपन्यास का नाम लिखिए।

(ख) मुंशी प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था?

(ग) 'निर्मला' उपन्यास का प्रकाशन सन् बताइए।

(घ) तोताराम के सबसे छोटे बेटे का नाम क्या था?

(ङ) निर्मला ने अपनी बेटी का नाम क्या रखा था?

(च) रुक्मिणी कौन थी? 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर लिखिए।

(छ) अज्ञेय का संपूर्ण नाम लिखिए।

(ज) 'जयदोल' कहानी के लेखक का नाम बताइए।

(झ) फणीश्वरनाथ 'रेणु' द्वारा रचित पठित कहानी का नाम लिखिए।

(ञ) 'दुलाईवाली' कहानी में आए वंशीधर के घनिष्ठ मित्र का नाम क्या है?

(ट) 'कजाकी' कहानी किस शैली में रचित है?

(ठ) 'निर्मला' उपन्यास का पात्र चंदर कौन है?

(ड) बालक मनोहर किस कहानी का पात्र है?

(ढ) 'आत्मा की आवाज' कहानी के रचयिता का नाम लिखिए।

(ण) मुंशी प्रेमचंद का देहावसान किस ईसवी में हुआ था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) "हाय! बेचारे क्या सोचकर चले थे, क्या हो गया। जीवन, तुमसे ज्यादा असार भी दुनिया में कोई वस्तु है?" प्रस्तुत अवतरण का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(ख) "तो लड़कियाँ बहुत खराब होती होंगी?" किसने, किससे ऐसा कहा था?

(ग) कृष्णा का विवाह किसके साथ और कैसे हुआ?

(घ) पंडित मोटेराम की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ङ) बंग महिला का वास्तविक नाम क्या है? 'दुलाईवाली' कहानी का प्रकाशन सन् लिखिए।

(च) रामेश्वरी को मनोहर से ईर्ष्या क्यों थी?

(छ) 'ठेस' कहानी की दो भाषिक विशेषताएँ लिखिए।

(ज) "तुम गाड़ी के साथ ठहरो, हम कुछ बंदोबस्त करेगा" —किसने, किससे ऐसा कहा था?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'निर्मला' उपन्यास के परिप्रेक्ष्य में मंसाराम का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) डॉ॰ सिन्हा किस प्रकृति के व्यक्ति थे? 'निर्मला' उपन्यास के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(ग) जियाराम का परिचय दीजिए।

(घ) 'जयदोल' कहानी की पृष्ठभूमि को लिखिए।

(ङ) 'ठेस' कहानी का संदेश क्या है?

(च) "नाम संतान से नहीं चलता। नाम अपनी सुकृति से चलता है।" संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(छ) 'दुलाईवाली' कहानी के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ज) 'आत्मा की आवाज' कहानी के उद्देश्य को लिखिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) 'निर्मला' उपन्यास में उठायी गयी समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) भाषा-शैली की दृष्टि से 'निर्मला' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ग) वकील तोताराम का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) "'कजाकी' बाल मनोविज्ञान पर आधारित कहानी है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ङ) 'दुलाईवाली' कहानी के आधार पर जानकी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) 'जयदोल' कहानी का प्रतिपाद्य लिखिए।

(छ) कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'ताई' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ज) 'ठेस' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(झ) 'निर्मला' उपन्यास की लोकप्रियता के कारणों का खुलासा कीजिए।

(ञ) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"बाँका सवार लद्दू टट्टू पर सवार होना कब पसंद करेगा, चाहे उसे पैदल ही क्यों न चलना पड़े? निर्मला की दशा उसी बाँके सवार की सी थी।"

★★★